D P WIRES LIMITED
+91 88789 31861, +91 7412 261130
info@dpwires.co.in, investors@dpwires.co.in
www.dpwires.co.in

Date: - August 17th 2024

| | |
|---|---|
| To,<br>**National Stock Exchange of India Limited,**<br>Listing Department Exchange Plaza,C-1 Block-G,<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra(E) ,Mumbai-400051 | To, **Bombay Stock Exchange,**<br>Listing Department,<br>P.J. Tower, Dalal Street ,Fort,<br>Mumbai-400001 |

Dear Sir / Madam,

**Reference: -NSE Scrip – DPWIRES & BSE Scrip: 543962, ISIN: - INE864X01013**
**Sub: Newspaper Publication of the Unaudited Financial Results for the quarter ended 30th June 2024**

Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Please find attached the newspaper publication of the Unaudited Financial Results (Standalone) for the quarter ended 30th June 2024 published in choutha sansar(Vernacular language)and English newspaper Business Standard/ Economic Times on 17th August 2024.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours Faithfully,
For DP Wires Limited

KRUTIKA MAHESHWARI
Digitally signed by KRUTIKA MAHESHWARI
Date: 2024.08.28 17:24:33 +05'30'

Krutika Maheshwari
Company Secretary and Compliance officer

Date: - 17/08/2024
Place: - Ratlam

# खजराना फ्लाय ओव्हर ब्रिज का नाम हो सकता है गणेश सेतु

## खजराना फ्लायओवर गणेश मंदिर से चंद कदम दूरी पर है, ब्रिज की थ्री लेन पर जल्द ही शुरु हो जाएगा ट्रैफिक

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। खजराना गणेश मंदिर से कुछ ही दूरी पर बन रहे 6 लेन खजराना फ्लाय ओव्हर ब्रिज का एक हिस्सा यानी थ्री लेन वाला हिस्सा लगभग तैयार हो गया है। आईडीए ने फैसला लिया है की वह जल्द ही थ्री लेन को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। जबकि ब्रिज के दूसरे हिस्से की निर्माणाधीन थ्री लेन का निर्माण चल रहा है। इसी बीच ब्रिज को लेकर नई जानकारी मिली है की खजराना ब्रिज का नामाकरण निर्माणपुरा होने से पहले कर दिया जाएगा। ब्रिज के नामकरण को लेकर आईडीए के अधिकारियों के बीच चर्चा प्रारंभ हो गई है। ऐसी पूरी संभावना है की खजराना ब्रिज का नाम गणेश सेतु हो सकता है। इस संबंध में आईडीए सीईओ आरपीअहिरवाल ने बताया की ब्रिज के नामकरण के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों की बैठक में तय होगा। जो भी सुझाव आएंगे उसको बैठक में रखा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक आईडीए खजराना फ्लाय ओव्हर ब्रिज को जल्द से जल्द शुरु करने के लिए बचे हुए काम पूरा करने में जुटा हुआ है। 6 लेन ब्रिज की पहली थ्री लेन लगभग बनकर तैयार हो चुकी है। ब्रिज के इस हिस्से में पोलों पर लाइटिंग लगा दी गई है। लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस खजराना फ्लाय ओव्हर ब्रिज की एक लेन का काम लगभग पूर्ण हो गया है। ब्रिज की रंगाई पुताई हो गई है। अब सीमेंटीकरण के जरिए एप्रोच रोड बनाने का काम लगभग पूरा होने की स्थिति में पहुंच गया है।

### एक लेन इसी माह में शुरु करने की योजना

आईडीए के अफसर बताते है की ब्रिज की एक लेन की फिनिशिंग चल रही है। ब्रिज का काम पूरा होते ही ट्रैफिक शुरु कर दिया जाएगा। इसके बाद दूसरी लेन का कार्य पूर्ण किया जाएगा। एक लेन में अभी क्यूरिंग और बिजली का काम चल रहा है। फ्लाय ओव्हर के निचले हिस्से को भी सुंदर और आकर्षक बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। अष्टविनायक गणपति से संबंधित स्कल्पचर्स की संभावना पर विचार किया जा रहा है।

**ब्रिज का नामकरण होगा-** लोगों की आस्था का केंद्र प्रसिध्द खजराना मंदिर इंदौर ही नहीं पूरे देश में प्रसिध्द है। शहर के विभिन्न ब्रिजों का नामकरण किया गया है ठीक उसी प्रकार खजराना फ्लाय ओव्हर ब्रिज का भी नामकरण किया जाएगा। हालांकि इस प्रक्रिया को पूरी करने में थोड़ा वक्त लगेगा। खजराना रिंगरोड चौराहे का फ्लायओवर गणेश मंदिर से चंद कदम दूरी पर है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ब्रिज का नाम भगवान गणेश से ही होना चाहिए। मौखिक सुझाव जो आ रहे है उसमें ब्रिज का नाम गणेश सेतु होना चाहिए। इस नाम से ब्रिज काफी चर्चित हो जाएगा। इस नाम से फायदा यह होगा की बाहर से आने वालों को भी गणेश सेतु फ्लायओवर के पास आते ही पता चल जाएगा कि खजराना गणेश मंदिर आसपास ही है।

**क्या कहते है सीईओ** - इस संबंध में जब आईडीए के सीईओ आरपी अहिरवाल से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की अभी ब्रिज अधूरा है। जब पूरी तरह से तैयार हो जाएगा तब इसके नामकरण की चर्चा हो सकती है। वैसे भी ब्रिज का नामकरण आईडीए नहीं करता है। नामकरण के लिए कलेक्टर, कमिश्नर जनप्रतिनिधि की बैठक में तय होता है। गणेश सेतु को सुझाव के रुप में यह नाम रखा जा सकता है।

## एक नजर



### सुहागदशमी पर महिलाओं ने रखे निर्जला व्रत

इंदौर। श्री दिगंबर जैन महिला मंडल एवं बहुमंडल छावनी के सदस्याओं ने सुहाग दशमी के अवसर पर विशेष परिधान धारण कर श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर छावनी में सामूहिक अनुष्ठान किया। मीडिया प्रभारी ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने बताया कि सुहाग दशमी के अवसर पर मंडल के सदस्यों ने लहरिया साड़ी पहनकर एवं श्रृंगारित होकर निर्जला व्रत रखा दिन भर मंदिर में स्वाध्याय, सामायिक ,पूजन प्रतिक्रमण आदि क्रियाएं की गयी, मंडल की अध्यक्ष बेला पाटनी एवं सचिव प्रिया गोधा एवं अर्चना कासलीवाल ने उपवास तब की अनुमोदना की



### बापू नगर में बड़ी ही उत्साह के साथ निकली रैली

इंदौर। संस्था वंदे मातरम के स्वप्निल तायड़े ने बताया की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बापू नगर साई बाबा मंदिर के सामने झंडा वंदन आयोजन किया गया। रैली स्वरूप राजवाड़ा पर जाकर भारत माता जी शहीदो देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों मातो श्री अहिल्या बाई होलकर जी को कोटि कोटि नमन कर नशा मुक्त इंदौर को लेकर संकल्प दिलाया गया सभी ने उत्साह देश भक्ति के भाव के साथ संकल्प लेकर इंदौर को नशा मुक्त बनाने में अपने अपने मत प्रदान किए । इस अवसर पर स्वप्निल तायड़े संगीता चौहान पंकज फतेहचंदानी अशोक नैप प्रदीप खुप्राव मनीष मालवीय सुरेश वर्मा विक्रम चौहान फरीद पठान पवन चौहान पंकज जैन मधुराज अंगदेले राजकुमारी मोरे माया शर्मा सपना शर्मा सेवंती बाई हरियाली बाई मंजू कपीलदेव कमला बाई विजया शर्मा विजय शिवानी जोशी लक्ष्मी कटवार जोशी स्वाति जोशी नेहा शर्मा देवकी बाई चांदनी राजपूत व बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा साथीगण सम्मिलित हुए।

### हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल

इंदौर। धार रोड़ पर 13वीं के कार्यक्रम से वापस आ रहे एक दंपती हादसे का शिकार हो गए। जिसमें महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। वही मामला जांच में लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 13वीं कार्यक्रम में अपने घर धरनावद (कलारिया )लौट रहे बाइक सवार दंपति को पीछे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी ।

# कोलकाता रेप मर्डर के विरोध में डॉक्टर्स का प्रदर्शन



इंदौर। कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में हुए रेप - मर्डर केस को लेकर लोगों में काफी ज्यादा गुस्सा है। इसके लिए देशभर में हर जगह कई जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिले हैं। बता दें कि बड़ी संख्या में देशभर में छात्र,डॉक्टर्स, महिलाएं सड़कों पर उतरी हैं और उन्होंने पीड़िता के लिए न्याय की मांग की है।इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टर्स ने भी कोलकाता डॉक्टर रेप एंड मर्डर केस की निष्पक्ष जांच एवं दोषी को फांसी की मांग को लेकर प्रदर्शन और रैली निकाली है। इसमें इंडेक्स समूह संस्थान के मेडिकल,डेंटल,पैरामेडिकल,नर्सिंग के छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी शांति पूर्ण रैली निकाली और पोस्टर के जरिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। छात्रों द्वारा खासतौर पर इस कृत्य के साथ डॉक्टरों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया।

### इंदौरी कारोबारी ने देवास की होटल में गला काटकर की खुदकुशी

इंदौर । शहर के कारोबारी ने देवास की होटल में खुद का गला काटकर खुदकुशी कर ली । करीब 10 साल पहले वह खाचरोद से इंदौर आकर बसा था। कुछ समय पहले ही मां की मौत हुई है। बताया जा रहा है वह कर्ज से परेशान था। देवास के सीएसपी विशेष अग्रवाल के अनुसार मृतक कारोबारी का नाम उजैफा टीन वाला निवासी राऊ है। वह देवास की होटल साइन कृपा में रुका था। परसों जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई । दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर घुसी तो कमरे में खून ही खून मिला। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लगा। लेकिन जिस तरह से कमरा अंदर से बंद था। उससे पुलिस कुछ भी निष्कर्ष नहीं निकाल पाई।

# होस्टल संचालक से मांगे 10 लाख

## क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बन कर धमकाया

इंदौर। भंवरकुआ में होस्टल संचालक को 10 लाख रुपए के लिए धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बन संचालक को रोका था। पुलिस इस मामले में तफ्तीश करती रही। आरोपी की पहचान होने के बाद मामले में केस दर्ज किया है।

भंवरकुआं पुलिस ने देव रघुंवशी की शिकायत पर लोकेश राजपूत और उसके साथी पर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपियों ने रास्ते में रोककर ट्रेडिंग का काम बताते हुए 10 लाख रुपए की मांग की। देव मूल रूप से विदिशा का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह यहां एमपीपीएससी की तैयारी करने के साथ गर्ल्स होस्टल और लाइब्रेरी का संचालन करता है। 6 अगस्त को वह अपने दोस्त अंकित यादव के साथ बाइक पर कलर पेंट खरीदने गया। जब वह गणेश नगर से शिवमपुरी कॉलोनी के लिये जा रहे थे तो रास्ते में बाइक पर दो लड़के आए।

उन्होंने आते ही चेकिंग की। एक आरोपी ने अपना नाम लोकेश राजपूत बताया। हमें पुलिस डिपार्टमेंट की धमकी दी। मारपीट करने लगे। दोस्त और आसपास के लोगों ने बचाव किया।

### मोबाइल दुकान कर्मचारी ने दी जान

इंदौर। पंढ़रीनाथ इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यश (20) पुत्र चंद्रशेखर बम्बीवाल निवासी हरसिद्धि ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। बताया जाता है कि यश को रात करीब 10:30 बजे के लगभग घर वालो ने फंदे पर लटके हुए देखा था। यश जेल रोड मार्केट की मोबाइल दुकान पर जॉब करता है। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक यश के पिता ऑटो ड्राइवर हैं। वहीं भाई नगर निगम में एनजीओ में पदस्थ है। यश के सुसाइड को लेकर परिवार को कोई जानकारी नहीं है।

# तिरंगा लगाते वक्त मजिस्ट्रेट का बेटा करंट से झुलसा

## लाइनमैन-मीटर रीडर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

इंदौर। बिजली कंपनी की गंभीर लापरवाही सामने आई है। कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एक मजिस्ट्रेट का 10 साल का बच्चा करंट की चपेट में आ गया।उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने लाइनमैन और मीटर रीडर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

घटना पंढरीनाथ थाना अंतर्गत जवाहर मार्ग की है। मोहम्मद असलम देहलवी थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। देहलवी सिविल कोर्ट सनावद में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदस्थ हैं। जवाहर मार्ग वाले मकान पर देहलवी के पिता मोहम्मद युसूफ देहलवी और मां रजिया बी रहती हैं।

गैलरी के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन

स्वास्थ्य खराब होने से मां अस्पताल में भर्ती थी। देहलवी अपनी मां को देखने के लिए परिवार सहित इंदौर आ गए थे। उनका दो मंजिला मकान है। गैलरी से सिर्फ पांच फीट की दूरी से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। ये तार खुले हुए हैं, उन पर प्लास्टिक के पाइप भी नहीं लगे हुए हैं।

**कई बार बिजली कंपनी को शिकायत की थी-** सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इस संबंध देहलवी द्वारा कई बार बिजली कंपनी को शिकायत की गई थी। मीटर की रीडिंग लेने आने वाले कर्मचारियों को भी अवगत करवाया गया। सुभाष चौक के कर्मचारी अंकुर गोयल को भी लापरवाही बताई गई।

**झंडा लगाते वक्त बच्चा आ गया करंट की चपेट में-** गुरुवार को देहलवी का दस वर्षीय बेटा मोहम्मद अरसान देहलवी गैलरी में राष्ट्रीय ध्वज लगा रहा था। तार खुला होने के कारण अरसान को करंट का झटका लगा। अरशान के दोनों हाथ और पैर झुलस गए।

चचेरा भाई अनवर और मामू का बेटा शहजाद चीख सुनकर दौड़े। मोहम्मद अरशान की जान खतरे में है। उसका आईसीयू में उपचार चल रहा है। मामले में बिजली कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# अपर मुख्य सचिव ने सराहा इंदौर की स्मार्ट मीटर परियोजना को

## स्मार्ट मीटर परियोजना का विस्तार किया जाएगा- श्रीवास्तव



इंदौर। मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने शुक्रवार को इंदौर का दौरा किया। उन्होंने पोलोग्राउंड स्थित मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया और बिंदुवार जानकारी ली। श्री श्रीवास्तव ने स्मार्ट मीटर परियोजना संबंधी संचार तंत्र, ऑटोमेटेड रीडिंग, मीटर डाटा मैनेजमेंट, लाइन लॉस में कमी, उपभोक्ता सुविधाओं में बढ़ोत्तरी में स्मार्ट मीटर की भूमिका इत्यादि विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लागू स्मार्ट मीटर परियोजना की सफलता और अब तक मिली सराहना, पुरस्कार इत्यादि के बारे में भी डिस्प्ले का अवलोकन किया। अपर मुख्य सचिव ने अब तक पश्चिम क्षेत्र कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर परियोजना के संबंध में विभिन्न चरणों के कार्यों को सराहा, टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस परियोजना का विस्तार किया जाएगा।

### छात्राओं के कपड़े उतरवाने वाली मैडम के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर । सरकारी स्कूल की मैडम जया पंवार पर आखिरकार पुलिस ने केस दर्ज कर ही लिया । मोबाइल बजने पर नाराज होकर छात्राओं के कपड़े उतारने को लेकर मामला लगातार तूल पकड़ रहा था। गौरतलब है कि मल्हारगंज थाना इलाके के सरकारी स्कूल में कक्षा में मोबाइल बजने पर वहां की शिक्षिका पर पिछले दिनों आरोप लगा था कि उसने छात्राओं के कपड़े उतरवाकर मोबाइल चेक किए थे। एक लड़की को तो पीरियड्स आ रहे थे उसके पेड हटवा कर मैडम ने मोबाइल चेक किया था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अर्पिता राठौर पति जितेन्द्र राठौर यह घोषणा करती हूं कि पूर्व मैं मेरे पति का नाम जितेन्द्र राठौर था (JETENDRA RATHORE ) अब मैंने मेरे पति का नाम JITENDRA RATHORE)जितेन्द्र राठौर रख लिया है वर्तमान में एवं भविष्य में मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**अर्पिता राठौर पति जितेन्द्र राठौर मकान नंबर 152 वार्ड नंबर 48 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड आनंद नगर खंडवा मो.9827018855**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेन्द्र राठौर पिता गोविन्द प्रसाद राठौर यह घोषणा करता हूं कि पूर्व मैं मेरा नाम जितेन्द्र कुमार राठौर था (JITENDRA KUMAR RATHORE ) अब मैंने मेरा नाम(JITENDRE RATHORE)जितेन्द्र राठौर रख लिया है वर्तमान में एवं भविष्य में मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**जितेन्द्र राठौर पिता गोविन्द प्रसाद राठौर मकान नंबर 152 वार्ड नंबर 48 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड आनंद नगर खंडवा मो.9827018855**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जितेन्द्र राठौर गोविन्द प्रसाद राठौर यह घोषणा करता हूं कि पूर्व मैं मेरे पिता का नाम गोविन्द कुमार राठौर था (GOVIND KUMAR RATHORE ) अब मैंने मेरे पिता का नाम GOVIND PRASAD RATHOR गोविन्द प्रसाद राठौर कर लिया है वर्तमान में एवं भविष्य में मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**जितेन्द्र राठौर पिता गोविन्द प्रसाद राठौर मकान नंबर 152 वार्ड नंबर 48 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड आनंद नगर खंडवा मो.9827018855**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार पिरामल केपीटल एण्ड हाउसिंग फाइनेन्स लिमीटेड शाखा धार द्वारा प्राप्त जानकारी एवं निदेर्शानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भावी ऋणी अमन पिता स्व. श्री अशोक परमार निवासी धार को उनकी मालकी के आवासीय भुखण्ड क्रमांक 15 का दक्षीणी भाग वार्ड नं. 09 महात्मा गांधी वार्ड कुल क्षेत्रफल 698 वर्ग फिट महालक्ष्मी नगर कालोनी ग्राम मगजपुरा तह व जिला धार को बंधक रखकर उस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है । उक्त भुखण्ड पुर्व में श्रीमती आरती पति श्री गजेन्द्रसिंह चौहान दस्तावेज क्रमांक 6185 दिनांक 28.03.2013 के द्वारा क्रय कि होकर दस्तावेज क्रमांक MP119002018A1324389 दिनांक 15/05/2018 एंव संशोधन पत्र क्रमांक MP119002019A1271822 दिनांक 23/04/2019 के द्वारा श्री अशोक पिता श्री फकीरचन्द परमार को विक्रय की है । पश्चात श्री अशोक पिता श्री फकीरचन्द परमार की मृत्यु दिनांक 02. 06.2019 को हो गई है उनकी मृत्यु के पश्चात उक्त भुखण्ड के विधीक वारीस अमन पिता स्व. श्री अशोक परमार एवं श्रीमती आरती पति स्व. श्री अशोक परमार है जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या वित्तिय संस्था या वारीस को स्वत्व या बंधक एवं नामांतरण बाबद कोई जानकारी या आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर संलिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में संपर्क करें । अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तावित ऋणी की उक्त संपत्ति को बंधक रखकर उस पर ऋण प्रदाय कर दिया जावेगा ।

दिनांक

**भवदीय,**
**अभय रावत एडवोकेट,**
**9, सुन्दरवन कालोनी, गीत गार्डन के पास, धार**
**मोबाईल नंबर - 94245-80562, 80859-04049**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुनीरा जुल्फिकार अली यह घोषणा करती हूं कि पूर्व में मेरा नाम मुनीरा जुल्फिकार अली था (MUNIRA ZULFI-QUAR ALI ) था अब मैंने मेरे नाम(MUNIRA SAIFEE ) मुनीरा सैफी रख लिया है ' वर्तमान में एवं भविष्य में मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जावे' सूचना जाने

**मुनीरा पति यूसुफ सैफी ,मकान नंबर 16 सैफी कॉलोनी पड़ावा वार्ड क्रमांक 31 मोबाइल -8380079577**

**जाहिर सूचना**

मुझ जाहिर सूचनाकर्ता द्वारा आप जनता एवं पुलिस को सूचित करने में आता है कि मुझ जाहिर सूचनाकर्ता धुलादास पिता रामचन्द्रदास बैरागी निवासी ग्राम तिवडी थाना सादलपुर तहसील व जिला धार म.प्र के स्थाई निवासी होकर आम जनता एवं पुलिस को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र जितेन्द्रदास उर्फ वैभव पिता धुलादास बैरागी निवासी दौलत नगर धार जिला धार किसी रिंकी नामक महिला के साथ रह रहा है को मेरी समस्त चल अचल सम्पत्ति जमीन जायदाद, नगदी रूपया, पैसा, रकम आदि से बेदखल कर दिया है यदि उस पर कोई भी अपराधिक प्रकरण दर्ज होता है या उसे कोई भी उधार रूपया कर्ज आदि देता है तो उसके लिए वह स्वयं जवाबदार रहेगा मेरे मेरे परिवार के उपर किसी प्रकार से उसके द्वारा लिये गये रूपया पैसा कर्जा व अपराधिक प्रकरण आदि बंधनकारी नही रहेगा। सूचना दी जाती है सूचित होवे ।

दिनांक 14-8-2024

**प्रेषक**
**धुलादास पिता रामचन्ददास बैरागी**

SUNDARAM FINANCE
Enduring values. New age thinking.

Vehicle for sale
MARUTI DZIRE VXI 1.2
MODAL-2023
VEHICLE RC NO.MP09-ZT-3557
ENG NO.K12NP7277802
CHASSISNO.MBHCZFBSPE437611

CONTACT
SUNDARAM FINANCE LTD
PLOT NO 13/21ST FLOOR,
DHAR CHIKHALDHA ROAD,
OPPGAYATRI SAROVAR
KUKSHI DIST DHAR MP-454331
PH NO-07297244041, MOB-9425602848

**D.P. WIRES LIMITED**

16-18A, INDUSTRIAL ESTATE, RATLAM
CIN-U27100MP1998PLC029523,
Phone : +91-07412-261130, +91-07412-261140
Website : www.dpwires.co.in Email : info@dpkataria.com

**EXTRACT OF FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED ON 30TH JUNE 2024**

(Rs. in Lakh except EPS)

| | Particulars | Quarter Ended 30st June, 2024 Audited | Quarter Ended 31st March, 2024 Audited | Quarter Ended 30st June, 2023 Unaudited | Year Ended 31st March, 2024 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 18410.84 | 20957.31 | 26,739.01 | 100833.77 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional item) | 956.66 | 1316.52 | 1,485.45 | 4875.64 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional item) | 956.66 | 1316.52 | 1,485.45 | 4875.64 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional item) | 718.79 | 982.39 | 1,111.01 | 3631.60 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 719.56 | 985.46 | 1111.01 | 3634.67 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10 each) | 1550.04 | 1550.04 | 1,356.80 | 1550.04 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as per the audited Balance Sheet of the previous year) | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (face value of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | - | - | - | - |
| | Basic: (not annualized for the quarter ended) | 4.64 | 6.34 | 7.17 | 23.43 |
| | Diluted: (not annualized for the quarter ended) | 4.64 | 6.34 | 7.17 | 23.43 |

Notes: - 1. The above financial is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the National Stock Exchange of India Limited under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results for the quarter ended 30th June, 2024 are available on the Website of NSE & BSE at www.nseindia.com& www.bseindia.comand Company's website at www.dpwires.co.in

2. The above financial results have been prepared in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the Ind AS prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, read with relevant rules issued thereunder and other accounting principles generally accepted in India and in compliance with regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015(As amended), including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Date: August 14, 2024
Place: Ratlam

For, D. P. WIRES LIMITED
Sd/-
PRAVEEN KATARIA (MANAGING DIRECTOR)
DIN No. - 00088633

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

श्री विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, देवास रोड, उज्जैन, (म.प्र.) कोडः- 456010
सम्पर्क 0734-3510343, ईमेलः-udaujjain@gmail.com, वेबसाईट - www.udaujjain.org

क्रमांक :- 71/24 दिनांक :- 14.08.2024

**उज्जैन शहर (म.प्र.) में वाणिज्यिक गतिविधि हेतु सुनहरा अवसर**
**45 मीटर / 60 मीटर / 18 मीटर चौड़ी सड़क पर व्यवसायिक भूखण्डों की निविदा**

उज्जैन विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजना में स्थित सम्पत्तियों को मध्यप्रदेश विकास प्राधिकरणों की सम्पत्तियों का प्रबंधन तथा व्ययन नियम, 2018 एवं संशोधित नियम 2021 के अनुसार उक्त सम्पत्तियों की निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 5000+GST = 5900 निर्धारित हैं जो कि प्राधिकरण / एमपी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित बैंक खाते में ही जमा होगी।

**एम.आर. 11 रोड पर तारामंडल के समीप रिक्त 2 व्यवसायिक भूखण्ड (45 मीटर चौड़ी सड़क पर)**

| क्रं | सम्पत्ति का विवरण | भूखण्डों/इकाइयों का उपयोग | क्षेत्रफल वर्गमीटर में (व.मी.) | आरक्षण की श्रेणी यदि आरक्षित हो | व्ययन का आधार | भूखण्ड / इकाई की आरक्षित न्यूनतम दर प्रति वर्गमीटर | प्रतिमृति राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2 | व्यावसायिक भूखंड | 10008.00 | अनारक्षित | भूस्वामी अधिकार | 44.308 | 10 Lacs |
| 2 | 1/2 | व्यावसायिक भूखंड | 1000.00 | अनारक्षित | भूस्वामी अधिकार | 44.308 | 10 Lacs |

**गुलमोहर कॉलोनी में रिक्त वाणिज्यिक सह आवासीय 3 भूखण्ड (60 मीटर चौड़ी सड़क पर )**

| क्रं | सम्पत्ति का विवरण | भूखण्डों/इकाइयों का उपयोग | क्षेत्रफल वर्गमीटर में (व.मी.) | आरक्षण की श्रेणी यदि आरक्षित हो | व्ययन का आधार | भूखण्ड / इकाई की आरक्षित न्यूनतम दर प्रति वर्गमीटर | प्रतिमृति राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2 | आवासीय सह व्यवसायिक | 542.40 | अ.जा | भूस्वामी अधिकार | 79,500 | 10 Lacs |
| 2 | 3 | आवासीय सह व्यवसायिक | 536.48 | अ.ज.जा | भूस्वामी अधिकार | 79,500 | 10 Lacs |
| 3 | 6 | आवासीय सह व्यवसायिक | 555.36 | अनारक्षित | भूस्वामी अधिकार | 79,500 | 10 Lacs |

**त्रिवेणी विहार योजना के अंतर्गत 1 व्यवसायिक उपयोग का भूखण्ड (दो और 18 मीटर चौड़ी सड़क)**

| क्रं | सम्पत्ति का विवरण | भूखण्डों/इकाइयों का उपयोग | क्षेत्रफल वर्गमीटर में (व.मी.) | आरक्षण की श्रेणी यदि आरक्षित हो | व्ययन का आधार | भूखण्ड / इकाई की आरक्षित न्यूनतम दर प्रति वर्गमीटर | प्रतिमृति राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ए-29 | व्यवसायिक भूखंड | 2429.42 | अनारक्षित | भूस्वामी अधिकार | 40,068 | 10 Lacs |

**समय-सारणी**

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन पंजीयन प्रारम्भ दिनांक एवं समय | 20.08.2024 समय प्रातः 0.00 बजे से |
| ऑनलाईन पंजीयन अंतिम दिनांक एवं समय 23.09.2024 | समय सांय 5.00 बजे तक |
| ऑनलाईन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 26.09.2024 समय दोपहर 3.00 बजे तक |

विज्ञप्ति की प्रति प्राधिकरण की वेब साईट www.udaujjain.org पर एवं http://Vikaspradhikaran.mponline.gov.in पर देखें। विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार के संशोधन वेबसाईट पर ही जारी किए जाएंगे। निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु उ.वि.प्रा. उज्जैन के सम्पदा शाखा में अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन**

